# EXERCISE # 1

**(A). निम्नलिखित का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में दो -**

**Q.1** एक पदार्थ के सुत्र के बारे में आप क्या कहते है ?

**Q.2** तत्व की संयोजकता से आपका क्या अभिप्राय है ?

**Q.3** निम्नलिखित को क्या कहते है ?

दो या अधिक तत्वों के परमाणुओं का एक समूह जो एक परमाणु की तरह व्यवहार करता है तथा जिसकी संयोजकता होती है।

**Q.4** दो तत्वों के नाम लिखिए जो परिवर्तनशील संयोजकता दर्शाते है और इन तत्वों से बने दो यौगिको का सूत्र और नाम लिखिए -

**Q.5** संतुलित रासायनिक समीकरण क्या होती है। एक रासायनिक समीकरण संतुलित क्यो होनी चाहिए -

**(B). निम्नलिखित यौगिको में रेखांकित तत्वों या मूलकों की संयोजकता बताइये।**

$\underline{Ba}Cl_2$, $\underline{P}Cl_3$, $\underline{P}Cl_5$, $\underline{N}H_3$, $Mg\underline{SO_4}$, $Ca\underline{CO_3}$, $\underline{Na_2}O$, $\underline{Ca}O$, $\underline{Ca}(OH)_2$, $\underline{Fe}SO_4$, $\underline{Fe}Cl_3$, $\underline{Fe_2}O_3$, $Na\underline{OH}$, $\underline{Al}(OH)_3$, $\underline{Na_2}CO_3$

**(C). निम्नलिखित का उत्तर अधिकतम 100 शब्दो में दीजिए।**

**Q.1** यौगिक मूलक क्या होते है ? कुछ मूलकों के उदाहरण इनकी संयोजकता के साथ दीजिये। यौगिक मूलक युक्त कुछ यौगिक बताइये। बताइये कि यौगिक के निर्माण में संयोजकता किस प्रकार भाग लेती है।

**D. निम्नलिखित की पूर्ति करो -**

**1.** ......एक तत्व के नाम का संक्षिप्त रूप है।

**2.** तत्व या यौगिक के अणु को इसके .......द्वारा दर्शाते है।

**3.** एक द्विअंगी यौगिक के दो तत्वों की संयोजकताओं को......से इसका सुत्र प्राप्त होता है।

**4.** रासायनिक अभिक्रिया के दौरान परमाणु ना तो विलुप्त होता है ना ही ...... होता है।

# EXERCISE # 2

**(A). सही विकल्प का चयन कीजिए -**

**Q.1** निम्नलिखित में से सोने (gold) का प्रतीक कौनसा है ?

(a) Gd (b) Ag

(c) Au (d) Pb

**Q.2** निम्नलिखित में से द्विसंयोजी यौगिक (मूलक) कौनसा है ?

(a) हाइड्रॉक्साइड (b) नाइट्रेट

(c) सल्फेट (d) फॉस्फेट

**Q.3** सल्फरडाइऑक्साइड में सल्फर की संयोजकता क्या है।

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

**Q.4** $NH_3$ में N की संयोजकता, HCl में Cl संयोजकता से कितनी गुना अधिक है ?

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

**(B). A तथा B स्तम्भों का मिलान कीजिए -**

| A | B |
|---|---|
| (a) हीलियम | (i) Hg |
| (b) मर्करी | (ii) He |
| (c) कॉपर | (iii) Pb |
| (d) केल्शियम | (iv) P |
| (e) फॉस्फोरस | (v) Cu |
| (f) लेड | (vi) Ca |

**(C). सही या गलत ?**

**1.** हाइड्रोजन की संयोजकता एक होती है।

**2.** ऑक्सीजन की संयोजकता 2 होती है।

**3.** आयरन का प्रतीक I होता है।

**4.** सिल्वर का प्रतीक Ag होता है।

**5.** केल्शियम की संयोजकता 2 होती है। अत : केल्शियम क्लोराइड $Ca_2Cl$ होता है।

**6.** जिंक तथा ऑक्सीजन की संयोजकता 2 होती है। अतः जिंक ऑक्साइड ZnO होता है।

**(D). निम्नलिखित यौगिको में से प्रत्येक का सुत्र लिखिए -**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जल | कैल्शियम ऑक्साइड | कार्बन डाइऑक्साइड | कार्बन मोनोऑक्साइड | मेग्नेशियम ऑक्साइड |
| हाइड्रोजन क्लोराइड | सोडियम क्लोराइड | पौटेशियम क्लोराइड | मैग्नेशियम क्लोराइड | जिंक ऑक्साइड |
| नाइट्रीक अम्ल | सोडियम नाइट्रेट | सोडियम कार्बोनेट | पौटेशियम कार्बोनेट | केल्सीयम कार्बोनेट |